प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय रेलवे द्वारा अद्भुत उपलब्धि - डीज़ल रेलइंजन आधुनिकीकरण कारख़ाना पटियाला ने कोविड 19 प्रतिबंधों के बीच अपना सर्वश्रेष्ठ निष्पादन किया और 30 दिनों में 17 विद्युत रेलइंजनों/ 8W-DETC का निर्माण किया।

कोविड से संबंधित प्रतिबंधों के बावजूद जिससे समग्र उत्पादन लक्ष्य में बाधा आयी फिर भी डीज़ल रेलइंजन आधुनिकीकरण कारख़ाना पटियाला, भारतीय रेलवे की एक उत्पादन इकाई, के कर्मचारियों ने अप्रैल और मई में (अप्रैल में 30% कर्मचारियों और मई में केवल 20% कर्मचारियों के साथ) 10 डीईटीसी (डीज़ल इलेक्ट्रिक टॉवर कार), 06 डब्ल्यूएजी 9एच और 02 डब्ल्यूएपी 7 विद्युत रेलइंजनों का निर्माण किया।

डीएमडब्ल्यू ने जून, 2021 के महीने में 17 इलेक्ट्रिक इंजनों/8- डब्ल्यू-डीईटीसी (02 डब्ल्यूएपी-7, 07 डब्ल्यूएजी-9एच और 08 8-डब्ल्यू-डीईटीसी) को रोलिंग ऑउट करने में एक ऐतिहासिक निष्पादन हासिल किया है। काम करते समय , डीएमडब्ल्यू के कर्मचारियों ने कोविड-19 के दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया, जिसमें शॉप फ्लोर पर सामाजिक दूरी के मानदंड भी शामिल हैं।

प्रमुख मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री एस. एन. दुबे ने यह भी कहा कि दो साल में इस उत्पादन इकाई ने अपनी उत्पादन लाइन को एल्को इंजन से इलेक्ट्रिक इंजन में स्थानांतरित कर दिया है. इलेक्ट्रिक इंजनों में परिवर्तन के लिए योजना प्रक्रिया को फिर से कुशल बनाने और शॉप फ्लोर, मशीनों को फिर से व्यवस्थित करने की चुनौती के लिए कर्मचारियों और अधिकारियों ने स्वयं को तैयार किया है। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि डीएमडब्ल्यू के पास कई गुणवत्ता प्रमाणपत्र हैं और जो स्पष्ट रूप से गुणवत्ता के क्षेत्र में इसके प्रयासों का संकेत देते हैं।

श्री दुबे ने इस महामारी के दौरान डीएमडब्ल्यू की उत्पादन टीम को उनके कार्य के प्रति समर्पण भावना को देखते हुए बधाई दी।

DMW/PCAO/PR/Press Release dated 30.6.2021